भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 17 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार , 03 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा ज़िले में जोरदार बारिश, 2 जुलाई को 1268 मिमी बारिश दर्ज

## बेड़च, खारी, त्रिवेणी नदी उफान पर, गोवटा बांध ओवरफ्लो, बिजौलिया में बारिश के साथ मंडोल बांध की चादर चली



भीलवाड़ा : बारिश के बाद पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र बना आकर्षण का केंद्र



भीलवाड़ा : बिजोलिया मालीपुरा में बारिश के बाद भरा पानी



भीलवाड़ा : बिजोलिया में पलकी नदी पर बहने से बाल बाल बचे बाइक सवार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

ज़िले में बुधवार शाम तक कई जगह जमकर मेघ बरसे। शाम 5 बजे तक कुल 1268 मिमी वर्षा जिलेभर में रिकॉर्ड की गई, जिससे नदियां-नालों से लेकर झरनों और बांधों तक सभी जल स्रोत उफान पर आ गए हैं।

### नदियां उफान पर, गोवटा बांध ओवरफ्लो :

बेड़च, खारी और त्रिवेणी नदियां उफान पर हैं, जिससे निचले क्षेत्रों में खतरा बढ़ गया है। वहीं मांडलगढ़ का गोवटा बांध पूरी तरह भरकर ओवरफ्लो हो गया और उसकी चादर चलने लगी है ।

### बिजौलिया में तेज बारिश, मंडोल बांध ओवरफ्लो :

बिजौलिया क्षेत्र में मंगलवार रात से बुधवार शाम 5 बजे तक 144 मिमी (5.6 इंच) बारिश दर्ज की गई।

• मंडोल बांध की भराव क्षमता 17 फीट है, जो पूरी तरह भरकर ओवरफ्लो हो गया है। यहाँ 1 फिट की चादर चलने लगी है । पलकी नदी, रेवा नदी, छाई बाई के बालाजी का एनिकट समेत सभी जल स्रोत उफान पर हैं।

बुधवार को पलकी नदी पर दो बाइक सवारों ने तेज बहाव में नदी पार करने की कोशिश की, बाइक बहने लगी लेकिन जान बच गई। इस घटना ने प्रशासन की ओर से सुरक्षा प्रबंधों की कमी को उजागर किया है।

क्षेत्र में प्रसिद्ध झरने मेनाल, भीमलत, भड़क, भड़क्या व सेवन फॉल भी रौद्र रूप में बहते हुए पर्यटकों और स्थानीयों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं।



भीलवाड़ा : मांडलगढ़ स्थित गोवटा बांध पर चली चादर



भीलवाड़ा : बिजोलिया के मंडोल बांध पर चली चादर



भीलवाड़ा : मेनाल झरना



भीलवाड़ा : उफान पर रेवा नदी

### प्रशासन ने चेताया

प्रशासन ने निचले इलाकों में रह रहे नागरिकों को सतर्क रहने और बच्चों को नदी-नालों के पास न भेजने की अपील की है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और अधिक बारिश की संभावना जताई है।

### जिलेभर में 2 जुलाई को दर्ज वर्षा (सुबह से शाम 5 बजे तक)

| तहसील / क्षेत्र | वर्षा (मिमी) |
|---|---|
| हमीरगढ़ | 230 |
| भीलवाड़ा | 190 |
| कोटड़ी | 115 |
| मांडलगढ़ | 87 |
| बिजौलिया | 144 (24 घंटे में बारिश ) |
| बनेड़ा | 62 |
| कारोईकलां | 63 |
| आसींद | 58 |
| शाहपुरा | 54 |
| जहाजपुर | 57 |
| शक्करगढ़ | 38 |
| मांडल | 35 |
| रूपाहेली | 32 |
| डाबला | 32 |
| सहाड़ा | 28 |
| काछोला | 27 |
| ज्ञानगढ़ | 21 |
| फूलियाकलां | 14 |
| रायपुर | 12 |
| शंभूगढ़ | 12 |
| मोखुंदा | 07 |
| बागोर | 06 |
| करेड़ा | 05 |


# मेहरूखुर्द गांव में भैरुजी महाराज की 500 वर्ष पुरानी प्रतिमा जेसीबी से तोड़ने का गंभीर आरोप

## पुजारी ने डीएसपी से की न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**

(दिलखुश मोटीस)ट्ठसावर थाना क्षेत्र के मेहरूखुर्द गांव में आस्था को ठेस पहुंचाने वाला मामला सामने आया है। गांव में सदियों पुरानी भैरुजी महाराज की प्रतिमा को जेसीबी मशीन से तोड़ने और मलबा उठा ले जाने का आरोप पुजारी सत्यनारायण मीणा ने लगाया है। उन्होंने सावर पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए अजमेर डीएसपी को शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुजारी ने बताया कि यह प्रतिमा उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित की गई थी और गांव में यह स्थान आस्था का बड़ा केंद्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि 29 जून की रात चंद्रप्रकाश मीणा उर्फ पप्पू मीणा और उसके साथियों दुर्गा देवी गुर्जर, राधा गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, महेश योगी, विमला गुर्जर, चंता गुर्जर, सांवरलाल गुर्जर, चेतन कहार, सांवरा कहार, हरी ओमनाथ, चंद्रशेखर सिंह, दरियावनाथ, फोरू नाथ ने जेसीबी मशीन बुलवाकर चबूतरा तोड़ डाला और मलबा ट्रैक्टर व डंपर में भरकर ले गए।





### थाना चुप, डीएसपी से उम्मीद

पुजारी सत्यनारायण मीणा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में सावर थाने में रिपोर्ट दी थी, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पुलिस का रवैया उदासीन बना हुआ है। इसके बाद उन्होंने डीएसपी से मुलाकात कर मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस बोली - तोड़फोड़ नहीं हुई

सावर थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा का कहना है कि ÷कोई प्रतिमा या चबूतरा नहीं तोड़ा गया है, फिर भी मामले की जानकारी लेकर आगे की जांच की जाएगी।

# बनास नदी को पार करता बुज़ुर्ग बहा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के चोहली गांव में उफान मारती बनास नदी को पार करते समय एक बुजुर्ग पानी के बहाव के साथ बह गया है, सूचना पर काछेला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरिया मौके पर पहुंची, मौके पर उच्च अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ टीम को सूचना दी । थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गए, जिसमें चोहली गांव के पास से गुजर रही बनास नदी की पुलिया पर 4 फीट पानी चल रहा, इसी दौरान खाखूदा निवासी शंकर पिता प्रताप भील 60 वर्ष चोहली से राजगढ़ की तरफ जाने के लिए पैदल ही उफान मारती पुलिया पार करने का प्रयास किया, तेज बहाव के चलते बुजुर्ग शंकर लाल पानी के साथ बह गया, जो कुछ दूर जाकर एक बबुल के पेड़ को पकड़ लिया, लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते वह ज्यादा देर नहीं रुक पाया और पानी के साथ बह गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी तथा एसडीआरएफ की टीम को भी सूचित किया ।।





'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## एक मुफ्त समाधान योजनाः 30 सितम्बर तक ऋण जमा कराने पर ब्याज व पेनल्टी में 100% छूट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत राजस्थान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, भीलवाड़ा द्वारा संचालित ÷एक मुफ्त समाधान योजना÷ के तहत ऋणधारकों को बड़ी राहत दी गई है।

परियोजना प्रबंधक ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़े वर्गों के वे सभी लाभार्थी, जिन्हें निगम द्वारा 31 मार्च 2025 तक ऋण वितरित किया गया है, यदि वे 30 सितम्बर 2025 तक अतिदेय मूलधन राशि जमा करा देते हैं, तो उन्हें उस पर देय सामान्य ब्याज और दंडनीय ब्याज (पेनल्टी) की 100त्न छूट दी जाएगी।

यह योजना 1 मई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक प्रथम चरण में लागू की गई है।

परियोजना प्रबंधक ने भीलवाड़ा जिले के समस्त बकाया ऋण धारकों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त समाधान योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते ऋण की अतिदेय राशि जमा कर ब्याज व पेनल्टी से मुक्त हो जाएं।

## मकरेड़ी ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

### विभिन्न विभागों ने किया समस्याओं का मौके पर निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत मकरेड़ी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 2 सीमाज्ञान, 2 पत्थरगड़ी,4 नामांतरण, 6 रास्ता विवाद, और 2 आपसी सहमति से बंटवारे के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 23 पात्र लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए। वहीं, चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगियों को 2 पोषण किट प्रदान की, जबकि कृषि विभाग द्वारा 5 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पंच गौरव के विस्तृत कार्ययोजना प्रस्ताव हेतु बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक में संबंधित विभागों से तैयार प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम मांडलगढ़ दुर्ग से संबंधित कार्य योजना पर चर्चा की गई जिसमें योजना अंतर्गत दुर्ग पर स्थित सरोवर, द्वार आदि के जीर्णोद्धार संबंधी कार्यों पर चर्चा की गई।

इसी प्रकार जिले में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए प्राप्त प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार वन विभाग से अर्जुन प्रजाति , उद्यान विभाग से संतरा एवं उद्योग विभाग से टेक्सटाइल उत्पाद संबंधी प्राप्त प्रस्ताव की चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि प्राप्त प्रस्ताव पर गहनता से समीक्षा कर बजट हेतु राज्य सरकार को भिजवाए जाएंगे राज्य सरकार की स्वीकृति के पश्चात पंच गौरव उत्पाद से संबंधित विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। बैठक में मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, जिला आयोजना अधिकारी सोनल राज, जीएम डीआईसी केके मीना सहित पंच गौरव से संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना संपेषण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतेंः पारीक

### कोटडी में पीईईओ की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**

विद्यालयों के संचालन, नामांकन वृद्धि एवं गुणवत्ता सुधार को लेकर मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माद्यमिक विद्यालय में ब्लॉक के समस्त पीईईओ की बेठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने नये शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूचना संप्रेषण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। साथ ही प्रभावी विद्यालय संचालन करते हुए समय विभाग चक्र के अनुसार विद्यालय संचालित करने, पीईईओ क्षेत्र के सभी विद्यालयों का नियमित अवलोकन कर संबलन प्रदान करने, नामांकन में 10 प्रतिशत की वृद्धी करने के निर्देश दिए। साथ ही



नामांकित बालकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए प्र्यास करने, विद्यालय की उपलब्धियों को जनता तक पंहुचा कर बालको को सरकारी विद्यालयों से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होने सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, स्कूल परिसर, छत, टंकियों की सफाई रखने, पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने को कहा। जबकि आरपी अनील बांगड़ ने मिड-डे मील योजना के तहत भोजन तय मीनू अनुसार ही बनाने, पोषाहार चखने व केशबुक का रिकार्ड संधारित रने को कहा। जबकि आरपी सत्यनाराण पटवारी ने विद्यालय की अनेक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए एसआर रजिस्टर, सर्विस बुक, छात्र पंजिका रिकॉर्ड संधारण के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान कोटडी ब्लॉक में नवनियुक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक का ब्लॉक के समस्त प्रधानाचार्य द्वारा साफा व माला से स्वागत किया। पूर्व सीबीईओ सत्यनारायण शर्मा एवं शिव प्रकाश मीणा ने भी विचार रखे। बेठक का संचालन आसोप पीईईओ फारूक मोहम्मद डायर ने किया। ब्लॉक कोटडी प्रधानाचार्य संगठन के अध्यक्ष चंद्र सिंह राजपूत ने सभी का आभार प्रकट किया।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 98 लाभार्थियों को वितरित किए गए बीमा प्रमाणपत्र



आकोलाः शिविर में विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित अन्य


**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत आकोला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान पशुपालकों को बीमा प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, उप प्रधान कैलाश सुथार, आकोला सरपंच शिवलाल जाट, पूर्व मंडल महामंत्री प्रियदर्शी पारीक, सहित कई जनप्रतिनिधि, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 112 लाभार्थियों ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया, जिनमें से 98 लाभार्थियों की पॉलिसी सफलतापूर्वक जनरेट कर दी गई है। शेष आवेदनों की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही पूर्ण कर दी जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं की अकस्मात मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक राहत एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे उनकी आजीविका में स्थिरता बनी रहे।

## भीलवाड़ा में बारिशः शहर हुआ जलमग्न, आवागमन बाधित, कई वाहन फंसे





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में मंगलवार देर रात से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शहर जलमग्न हो गया है। शहर के निचले इलाकों में पानी भर जाने से यातायात बाधित हो गया है, जिससे लोगों को अपने दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अंडरब्रिजों में पानी भरने से वाहनों की आवागमन पूरी तरह से रुक गया, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। लगातार चल रही बारिश के कारण बड़े मंदिर के पास बाहला क्षेत्र व कच्ची बस्तियों और निचली बस्तियों मे पानी का भराव हो गया ! नालियों के चौक होने से कचरा सड़क पर फैल गया है, जिससे लोगों को भारी समस्याओ का सामना करना पड़ा,। शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले भर मे अच्छी बारिश के समाचार हैं।

चित्तोड़ रोड स्थित रामधाम के सामने अण्डरब्रिज में एक थार गाड़ी भी फंस गई बारिश के कारण बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

## बिजोलिया को नगरपालिका से पुनः ग्राम पंचायत बनाने की मांग , महिलाओं ने उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नगर पालिका से पुनः ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर बिजोलिया में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका बनने के बाद से नगर में मनरेगा श्रमिक जैसे योजनाओं के तहत मिलने वाला रोजगार छिन गया, जिससे सैकड़ों परिवार आजीविका संकट से जूझ रहे हैं।



ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत रहते हुए लगभग 2500 श्रमिक मनरेगा योजना से जुड़े हुए थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं थीं जो नियमित मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं। लेकिन नगर पालिका बनने के बाद इन श्रमिकों को काम से हटा दिया गया, जिससे कई परिवार भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

महिलाओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनता की भावनाओं और हितों को ध्यान में रखते हुए बिजौलिया को पुनः ग्राम पंचायत में तब्दील किया जाए, ताकि मनरेगा जैसी योजनाएं दोबारा चालू हो सकें और क्षेत्र में फिर से रोज़गार उपलब्ध हो।

इस दौरान काली देवी , पिंकी देवी , लाली , प्रेम देवी , संतोष, कैलाशी, मोनिका सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं ।

## QUICK BITES

### 12वीं विज्ञान वर्ग में गर्वी सोनी ने पुनर्गणना के बाद जिले में किया टॉप

**बिजौलिया की छात्रा को मिलेगा 1 लाख व स्कूटी का पुरस्कार**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( मानव तिवाड़ी)** संस्कार भारती सी. सै. स्कूल, बिजौलिया की छात्रा गर्वी सोनी ने 12वीं विज्ञान वर्ग की बोर्ड परीक्षा में पुनर्गणना के बाद भीलवाड़ा जिले में टॉप कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के निदेशक आदर्श सोनी ने बताया कि गर्वी, शंभू प्रसाद सोनी की पुत्री है और उसने बोर्ड द्वारा घोषित प्रारंभिक परिणाम में 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। केमिस्ट्री विषय में उसे 90 अंक दिए गए थे, जिस पर छात्रा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर में पुनर्गणना के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

पुनर्गणना के पश्चात केमिस्ट्री में 9 अंकों की बढ़ोतरी हुई और छात्रा को कुल 99 अंक मिले। इससे उसका कुल प्रतिशत 97.60त्न हो गया, जो जिले में सर्वोच्च है। इस शानदार उपलब्धि के लिए राज्य सरकार की ओर से छात्रा को 1 लाख नकद पुरस्कार और एक स्कूटी प्रदान की जाएगी।

### बिजौलिया बाइपास पर बछड़े का कटा सिर मिलने से सनसनी, गौसेवकों ने जताई हत्या की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया




कस्बे के बाइपास रोड पर बुधवार को एक बछड़े का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय गौसेवक मौके पर पहुंचे और बछड़े की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच की मांग की।

सूचना मिलते ही बिजौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सक को बुलाकर मौके पर ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई। इसके बाद बछड़े के शव को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया।

गौसेवकों ने आशंका जताई कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई क्रूरता का मामला हो सकता है, जिसे गंभीरता से जांचना आवश्यक है।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल थाने में कोई लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गंभीर रोष है और सभी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एनएमएमएस परीक्षा 2025 में सावर के पांच विद्यार्थियों का चयन, विद्यालय में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी



**(दिलखुश मोटीस)** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सावर के पांच विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों में ग्रंथ जैन, राजाराम माली, अनिया पठान, प्रिंस कहार और विकास रैगर शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता व प्रधानाचार्य राजेश पारीक ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों और स्टाफ के मार्गदर्शन से मिली इस सफलता पर अभिभावकों ने आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि चयनित विद्यार्थियों को 12,000 वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# अरनिया घोड़ा चारागाह में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान एवं सामलात अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरनिया घोड़ा की चारागाह भूमि पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रहलाद देवी ने की, जबकि मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी विश्वजीत सिंह रहे।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान में चारागाह भूमि विकास समिति की भूमिका और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चारागाहों का विकास केवल पशुपालन ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी अहम हिस्सा है।

हरित शाहपुरा संस्था के राजकुमार बेरवा ने हरियाली बढ़ाने हेतु राज्य



सरकार के अभियान में जनभागीदारी की भूमिका पर विचार साझा किए। जीव दया समिति के अतु खान कायमखानी ने वन्य जीवों के साथ सहअस्तित्व की भावना से कार्य करने पर जोर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता दयाशंकर गुर्जर ने चारागाह भूमि के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे ग्रामीण आजीविका और पारिवारिक आय के संवर्धन से जोड़ने की बात कही। किसान विकास केंद्र के कृषि वैज्ञानिक राजेश जलवानिया ने किसानों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। एफईएस के सुरेश पाराशर ने सामलात भूमियों एवं जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में चारागाह भूमि विकास समिति अरनिया घोड़ा के अध्यक्ष प्रहलाद गाडरी, कनिष्ठ सहायक हेमराज रेगर, दिलीप वैष्णव, रामदेव गुर्जर, भेरूलाल बेरवा, लक्ष्मण वैष्णव, धर्मराज गुर्जर, किशन खारोल और मोहन सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के समापन पर कुलदीप नागर ने समस्त ग्रामीणों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# विधायक कोठारी ने ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार हेतु यूआईटी को लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर विधायक अशोक कोठारी ने पटरी पार क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं सड़कों के पुनःनिर्माण हेतु यूआईटी सचिव को पत्र लिखा। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बारिश के बाद ही कई जगह जल भराव की समस्या सामने आई है, इसी क्रम में व्यापारियों द्वारा गंगापुर चौराहे स्थित मुख्य रोड का बार बार टूटना व जल भराव को लेकर विधायक कार्यालय पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है, जिसमें वहाँ की प्रमुख समस्याएँ जिनका शीघ्र-अतिशीघ्र निराकरण जनहित में करवाया जाए।

गंगापुर चौराहा स्थित अम्बाजी मार्केट के वहाँ ड्रेनेज की व्यवस्था सही नहीं होने से आये दिन जल भराव की



समस्या का सामना करना पड़ता है। सर्किट हाउस से अम्बाजी मार्केट तक मुख्य रोड व दुकानों के मध्य खाली स्थल पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का प्रस्ताव पूर्व में आपको दिया जा चुका है। इस हेतु टाइल्स लगाने से पूर्व वहाँ पर ड्रेनेज की व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर उसके पश्चात टाइल्स लगाने का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या ना हो।गंगापुर चौराहे स्थित रिद्धि सिद्धि मार्केट पुर रोड पर बनी दुकानों से मुख्य मार्ग के मध्य से लगभग 100 फिट भूमिगत नाला बना हुआ है जो कि कब्रिस्तान के सामने बड़ी नाली में गिर रहा है। इस नाले के निर्माण को 10 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, चोकिंग व अन्य समस्या से गंगापुर चौराहे पर जल भराव की समस्या बनी रहती है और पानी रोड पर फैल जाता है, जिससे आवागमन व यातायात प्रभावित होता है। वहीं अम्बाजी मार्केट के सामने से गंगापुर चौराहे होते हुए रेलवे फाटक तक मुख्य रोड हर वर्ष टूट जाती है, यह व्यस्तम मार्ग है जहाँ पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चौपहिया, ट्रक, बस एवं भारी वाहनों का आवागमन होता है। प्रतिवर्ष रोड टूटने का मुख्य कारण वहीं ड्रेनेज व्यवस्था का सही नहीं होना है। इस हेतु वहाँ ड्रेनेज व्यवस्था सुधार कर नवीन रोड बनाई जाये ताकि आवागमन में सुविधा हो सके।

# अखेपुर में सवा 55 लाख की लागत से बनेगा भव्य चारभुजानाथ मंदिर, मूर्ति उत्थापन महोत्सव श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**(राजेंद्र बबलू पोखरना)** कोटड़ी उपखण्ड के अखेपुर गांव में आस्था का केंद्र रहे चारभुजानाथ मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य की शुरुआत भव्य मूर्ति उत्थापन महोत्सव के साथ की गई। श्रद्धा और उल्लास के बीच बुधवार को गांव में चारभुजानाथ की प्राचीन मूर्ति को विधि-विधान से उत्थापित कर अस्थायी स्थान पर विराजमान किया गया। इस कार्यक्रम में समूचा गांव एकत्रित हुआ और धार्मिक वातावरण में भक्ति रस से सराबोर रहा। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि पुराने मंदिर को हटाकर अब नए सिरे से सफेद संगमरमर (मार्बल) से अत्याधुनिक शैली में मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग सवा 55 लाख रुपये बताई गई है। मंदिर का निर्माण कार्य अगले दो वर्षों में पूर्ण होने की उम्मीद है।

### भव्य उत्सव में उमड़े श्रद्धालु---

मूर्ति उत्थापन महोत्सव के मौके पर गांव में धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला



आयोजित की गई। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ, भोग अर्पण और आहुतियों के साथ चारभुजानाथ की प्रतिमा को परंपरागत रीति से पुराना मंदिर स्थल छोड़कर नए निर्धारित स्थान पर विधिवत रूप से विराजित किया गया।

मूर्ति को भक्तों के कंधों पर सजाकर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए चल रहे थे। गांव की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### धार्मिक भावना के साथ आधुनिकता का संगम--

मंदिर निर्माण समिति के भवानी राम चोधरी ने बताया कि चारभुजानाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि गांव की सांस्कृतिक पहचान भी है। इसलिए समिति ने निर्णय लिया है कि नया मंदिर अत्याधुनिक वास्तुशिल्प शैली में निर्मित होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक शांति का केंद्र बनेगा। मंदिर निर्माण में सफेद संगमरमर का उपयोग कर सौंदर्य और भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण के लिए तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प लिया है। कई ग्रामीणों ने आर्थिक सहयोग के साथ-साथ श्रमदान का भी संकल्प लिया है। युवाओं ने इस कार्य को गांव के गौरव से जोड़ा और पूर्ण निष्ठा के साथ इसमें भागीदारी निभाने की बात कही।

### गांव की आस्था को नया स्वरूप-

अखेपुर में चारभुजानाथ मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है, बल्कि यहां के सामाजिक आयोजनों का भी प्रमुख स्थल रहा है। वर्षों पुराना यह मंदिर अब नए स्वरूप में लोगों की आस्था को और अधिक मजबूती देगा। मंदिर निर्माण के पश्चात यहां भव्य वार्षिक मेले, भागवत कथा, रासलीला व सत्संग आदि धार्मिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण की इस पहल पर खुशी जताई और कहा कि यह केवल पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा।

# सोपुरा बस स्टैंड पर कार-बाइक की भिड़ंत, जोगणिया माता से लौट रहे तीन श्रद्धालु गंभीर घायल

## ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर जताया आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद (भीलवाड़ा)**

लाडपुरा मेगा हाईवे स्थित सोपुरा बस स्टैंड पर बुधवार शाम एक कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घायलों की पहचान मांडल निवासी शिव पुत्र राजेश हरिजन (30), राहुल पुत्र विनोद हरिजन (25) और सूरज पुत्र विनोद हरिजन (28) के रूप में हुई है। तीनों जोगणिया माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे कि सोपुरा बस स्टैंड पर सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी।





सवाईपुर चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब कार चालक ने गाय को बचाने की कोशिश की, जिससे बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई।

हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए स्पीड ब्रेकर की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोपुरा में बोरखेड़ा, बोरडियास, कुड़ी व किशनपुरा सहित करीब 200 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इस सड़क को पार करते हैं।

ग्रामीणों ने चेताया कि यदि शीघ्र स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए, तो वे सड़क पर जन आंदोलन करेंगे। उन्होंने मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, पुलिस प्रशासन और मेगा हाईवे अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# कोटड़ी प्रधान का बजरी भरा ट्रैक्टर पकडने वाली एसडीओ गुर्जर को हटाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भाजपा के कोटड़ी प्रधान करण सिंह का बजरी भरा ट्रैक्टर पकडने वाली आरएएस (प्रशिक्षु) अधिकारी सुमन गुर्जर से जिला कलेक्टर ने एसडीओ का चार्ज हटा दिया। अब उन्हें मांडल तहसीलदार का चार्ज दिया गया है। ये मामला है कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा से जुड़ा हुआ। कोटड़ी की एसडीओ (ट्रेनी आरएएस) सुमन गुर्जर ने प्रधान करण सिंह के खिलाफ पारोली पुलिस थाने में केस दर्ज कराया था। इसमें बताया कि जब एसडीओ कैंप से लौट रही थी, तब छापड़ेल रोड पर एक बजरी भरे ट्रैक्टर को रोका। ड्राइवर से नाम-पता पूछा तो उसने ट्रैक्टर कोटड़ी प्रधान का होना बताया और प्रधान को सूचना दी। एसडीओ ने पारेली पुलिस थानाधिकारी को सूचना दी। इसी बीच कोटड़ी प्रधान करण सिंह पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर को बजरी मौके पर ही खली करने के निर्देश देते हुए ट्रैक्टर की चाबियां ली। पर बजरी वहां खाली करवाने के बजाय ट्रैक्टर को मौके से फरार करवा दिया। एसडीओ गुर्जर ने पूरे घटनाक्रम से कलेक्टर को भी अवगत कराया। इस बीच, कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने एक जुलाई को संशोधित आदेश जारी कर आरएएस ट्रेनी सुमन गुर्जर को उपखंड अधिकारी कोटड़ी के बजाय मांडल तहसीलदार का स्वतंत्र चार्ज दे दिया। कोटड़ी का चार्ज जहाजपुर एसडीओ को दिया

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया, श्रद्धालु झूमे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सूर्य महल में मंगरोप वाले काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक संत अर्जुन राम ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालु नाचते-गाते झूम उठे।

संतश्री ने कहा कि ÷कलयुग में भागवत श्रवण से मोक्ष प्राप्त होता है और प्रभु की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है।÷ कथा में श्रीराम चरित्र, कृष्ण जन्म, नन्दोत्सव आदि प्रसंगों को विस्तार से सुनाया गया।





कथा स्थल को गुब्बारों व फूलों से सजाया गया। बालरूप में कृष्ण की झांकी और टोकरी में बालकृष्ण के दर्शन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर भजन ÷नन्द के आनंद भयो पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमे। अंत में आरती और माखन-मिश्री प्रसाद का वितरण हुआ।

कथा प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 5 जुलाई तक चलेगी।

# संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन ने दिखाई प्रेरणादायक फिल्म 'तारे ज़मीं पर'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा रिलायंस मॉल में पदाधिकारियों और सदस्यों के लिए फिल्म 'तारे ज़मीं पर' का भावनात्मक प्रदर्शन किया गया।

अध्यक्ष पुष्पा राजेन्द्र गोखरू और सचिव प्रमिला गोखरू ने बताया कि यह फिल्म विशेष बच्चों की समझ, सहानुभूति और सही मार्गदर्शन का संदेश देती है। संगिनी सदस्यों ने फिल्म के भावपूर्ण क्षणों को मिलकर जिया और आत्ममंथन किया।




सहमंत्री सोनल मेहता व कोषाध्यक्ष शकुंतला सांखला ने संगिनी परिवार की एकता और सामाजिक जुड़ाव को मजबूती देने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की।

इस अवसर पर अनिता जैन, रुचि बापना, ज्योति सांखला, श्वेता, ममता खटोड़, आर्य चौधरी सहित कई सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## QUICK BITES

### सेन को भाजपा ने दूसरी बार बनाया मण्डल अध्यक्ष

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी**




**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)** भाजपा ने कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष के पद पर दूसरी बार भी कोटड़ी के प्रहलाद सेन के नाम की घोषणा हाने के साथ ही कार्यकर्ताओं में विशेष खुशी नजर आई। मण्डल अध्यक्ष सेन ने भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर पर मत्था टेकने पंहुचे तो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी तथा मुह मीठा करा कर खुशी जाहीर की। इस दौरान श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, कोटडी पंचायत समिति के प्रधान करण सिंह बेलवा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य धर्मचंद जीनगर, राजेंद्र हाड़ा, दिनेश डीडवानिया, आजाद गुजराती, श्री कल्याण आचार्य, राघव आचार्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल माला, दुपट्?टा व साफा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर दूसरी बार बने मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा पार्टी की सरकार है ओर कोटड़ी में भी सभी मुख्य पदों पर भाजपा का परचम कार्यकर्ताओं की बदोलत ही लहराया है। आगे भी पूरी जिम्मेदारी से काम करते हुए भाजपा की रीति-निती के अनुसार काम करने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा के द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर पहले से बेहतर कार्य करने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की।

### कोठारी नदी उफान पर, छलके एनीकट, जलाशयों में पानी की आवक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ बारिश के दौर बुधवार दिनभर चलता रहा, जिससे एक बार फिर से क्षेत्र के नदी नालों में पानी की आवक हुई और क्षेत्र की प्रमुख कोठारी नदी उफान पर आ गई, पुलिया पर दो फिट पानी बहने से मार्ग बाधित हो गया, पुलिया पार कर रहे बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर पानी के साथ बहने लगा, लेकिन किनारे पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक व बाइक सवार को बचा लिया, क्षेत्र चावंडिया के चामुंडा माता तालाब पर रामघाट के बालाजी के पास करीब 60 फिट की दीवार पानी में गिर गई, वही क्षेत्र के कहीं एनिकट छलक गए तो तालाब? लबालब होने को है । क्षेत्र में मंगलवार मध्य रात्रि के बाद बारिश का दो शुरू हुआ जो बुधवार दिनभर रुक-रुक कर लगातार जारी है, मूसलाधार बारिश के चलते एक बार फिर से क्षेत्र के नदी नालों में पानी की आवाज शुरू हुई । कोठारी नदी की पुलिया पर शाम होते-होते दो फिट से अधिक पानी आने से सवाईपुर का कोटड़ी उपखंड मुख्यालय से संपर्क कट गया, वही राहगीर जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करते हुए दिखे । ढ़ेलाणा के शिव सागर तालाब के ऊपर बने एनीकट पर 1 फीट की चादर चली । चावंडिया के चामुंडा माता तालाब, सहित सोपुरा, बड़ला, बनकाखेड़ा के धर्माउ तालाबों में पानी की आवक हुई, तो कई तालाब लबालब हो गए । खेत पानी से लबालब होकर तालाब बन गए ।

### बेडच नदी आई उफान पर, पुलिया पर 10 फीट ऊपर पानी, आवागमन बाधित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



क्षेत्र के बड़लियास कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ बारिश के दौर बुधवार दिनभर चलता रहा, जिससे एक बार फिर से क्षेत्र के नदी नालों में पानी की आवक हुई, कस्बे के निकट से गुजर रही बेडच नदी के उफान पर आने के चलते आवागमन बुरी तरह से बाधित हो गया, मौके पर बड़लियास थाना पुलिस का जाप्ता तैनात है । क्षेत्र में मंगलवार मध्य रात्रि के बाद से ही बारिश का दो शुरू हुआ जो बुधवार दिनभर रुक-रुक कर लगातार जारी है, मूसलाधार बारिश के चलते एक बार फिर से क्षेत्र के नदी नालों में पानी की आवाज शुरू हुई, बेड़च नदी बारिश के मानसून में पहली बार उफान पर आ गई, क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के चलते पुलिया पर 15 फीट से अधिक पानी के आने से बड़लियास व बरूंदनी मार्ग बाधित हो गया, वही नदी के किनारे दोनों तरफ वाहनों की कतारें लगने के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है । मौके पर बड़लियास थाने का जाप्ता तैनात है, जो लोगों को नदी के साथ ही जलाशयों से दूर रहने की अपील कर रहा है ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890